# कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण, ग्वालियर (म.प्र.)

## //विज्ञापन एजेंसी अनुबंधित करने बावत निविदा सूचना//

कमाक / ग्वा.वि.प्रा / जनसम्पर्क / 2024 / 7879 दिनांक 18/3/24

इस कार्यालय द्वारा नियमित रूप से समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जाने वाले विज्ञापनों / निविदाओं आदि के प्रकाशन हेतु दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि तक के लिए विज्ञापन एजेन्सी अनुंबधित की जाना है । इच्छुक विज्ञापन एजेंन्सी विज्ञापन देयकों में केन्द्र / राज्य शासन द्वारा समाचार पत्रों हेतु स्वीकृत डी.ए.व्ही.पी / डी.पी.आर दर पर प्रदाय की जाने वाली छूट( प्रतिशत आधार) के उल्लेख सहित अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्ताव में सभी प्रकार के टेक्स शामिल रहेंगे अर्थात टेक्स एजेंसी को ही देने होंगें। अधिकतम छूट देने वाली एजेंसी को कार्यादेश दिया जायेगा। एजेन्सी को कार्यालय से ही विज्ञापन आदेश तथा प्रकाशन सामग्री प्राप्त करनी होगी एवं आदेशित तिथि पर प्रकाशन कराकर प्रकाशित विज्ञापन का मूल समाचार पत्र दो प्रतियों में कार्यालय को प्रस्तुत करना होगा। विज्ञापन एजेंसी को रूपये 20,000/– की धरोहर राशि कार्यालय में जमा करानी होगी, जो सेवा–शर्तो के उल्लधंन अथवा संतोषजनक सेवा प्रदान न किये जाने की स्थिति में जब्त की जा सकेगी। विज्ञापन एजेन्सी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्वालियर विकास प्राधिकरण को देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में धरोहर राशि सहित अपने प्रस्ताव सील बंद लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से दिनांक 28.03.2024 को सायं 3.00 बजे तक ग्वालियर विकास प्राधिकरण कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते है किसी भी प्रकार के पोस्टल विलम्ब हेतु प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा । बिना धरोंहर रशि के प्राप्त प्रस्ताव पर विचार नही किया जायेगा । प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 28.03.2024 को सायं 5.00 बजे उपस्थित आवेदकों के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोले जाएगे जिसमें आवेदन कर्ता उपस्थित रह सकेंगे। निविदा प्रस्ताव हेतु आवेदन प्रपत्र तथा शर्तें ग्वालियर विकास प्राधिकरण से कार्यालयीन समय पर प्राप्त किया जा सकता है तथा प्राधिकरण की बेवसाइट www.gdagwalior.in से डाउन लोड किया जा सकता हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>
ग्वालियर विकास प्राधिकरण<br>
ग्वालियर

कमाक / ग्वा.वि.प्रा / जनसम्पर्क / 2024 / दिनांक———

प्रतिलिपिः–

1–अधीक्षण यंत्री ग्वा.वि.प्रा. की ओर सूचनार्थ।

2– वरिष्ठ लेखा अधिकारी ग्वा.वि.प्रा. की ओर सूचनार्थ।

3– कार्यपालन यंत्री ग्वा.वि.प्रा. की ओर सूचनार्थ।

4– जनसम्पर्क अधिकारी ग्वा.वि.प्रा. की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

5– आई.टी.प्रभारी की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निविदा सूचना को प्राधिकरण की बेवसाईट में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>
ग्वालियर विकास प्राधिकरण<br>
ग्वालियर

7.3.24